देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 302 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 12 जनवरी 2020

**रविवासरीय...**सोनम को सोना पड़ा जमीन पर





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम — अधिकतम 17.0° न्यूनतम 7.0°

41599.72

2 गलती से गिराया विमानः ईरान

7 टी20 में राहुल शीर्ष भारतीय बल्लेबाज

## संक्षिप्त समाचार

### निर्भयाः विनय–मुकेश को सुको से मिली तारीख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप केस में दोषियों को फांसी देने तारीख करीब आ रही है। इस बीच फांसी की सजा पा चुके दो दोषियों विनय शर्मा और मुकेश सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटिशन यानी सुधारात्मक याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की तारीख 14 जनवरी तय की है। बता दें कि अदालत ने 22 जनवरी को दोषियों को फांसी पर लटकाने का डेथ वॉरंट जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच विनय और मुकेश की क्यूरेटिव पिटिशन पर सुनवाई करेगी।

### मायापुरी के जूता फैक्ट्री में आग, दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के मायापुरी इलाके में एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने की खबर है। आग की सूचना मिलते ही दमकल की एक दर्जन से अधिक गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है जो आग बुझाने और राहत कार्य में लगे हुए हैं। आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है। मायापुरी फेज–2 में शनिवार शाम को एक जूता फैक्ट्री में आग लगी है। घटनास्थल पर फिलहाल दमकल के 20 वाहन मौजूद हैं। अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह भी पता नहीं चल पाया है कि उस दौरान फैक्ट्री में कितने लोग थे।

### केरल सरकार के विज्ञापनों पर बरसे गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तिरुवनंतपुरम। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर केरल में लेफ्ट के नेतृत्व वाली सरकार और गवर्नर आमने–सामने आ गए हैं। सूबे के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान ने सरकार की ओर से ऐक्ट के विरोध में अखबारों में विज्ञापन छपवाने को लेकर आपत्ति जताई है। राष्ट्रीय अखबारों में सरकार के विज्ञापनों को लेकर गवर्नर ने कहा कि अपनी राजनीतिक कैंपेन के लिए जनता के पैसे की बर्बादी करना पूरी तरह से गलत है।

# पीओके पर एक्शन को सेना तैयार

## आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि सरकार आदेश दे तो हम तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को लेकर सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि सरकार आदेश मिलने पर हम कभी भी ऐक्शन ले सकते हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए पीओके के भविष्य को लेकर कहा कि यह भारत का हिस्सा बन सकता है।

हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका फैसला केंद्र सरकार को ही लेना है। सेनाध्यक्ष ने पाकिस्तान और चीन की चुनौतियों के सवाल पर कहा कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हम तैयार हैं। एलओसी पर पाकिस्तान की साजिश पर आर्मी चीफ ने कहा कि इंटेलिजेंस इनपुट और सेना की तत्परता के जरिए हम पाक की साजिशों को ध्वस्त करने में कामयाब हो रहे हैं।

- सरकार आदेश दे तो पीओके पर भी हमारा कब्जा होगाः आर्मी चीफ
- कश्मीर में स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिल रहा है

पीओके को भारत का हिस्सा बताते हुए गृहमंत्री अमित शाह संसद में बयान दे चुके हैं। इससे संबंधित सवाल पर आर्मी चीफ ने कहा, श्संसदीय संकल्प के अनुसार जम्मू–कश्मीर अखंड भारत का हिस्सा है। अगर संसद यह चाहती है कि क्षेत्र (पीओके) भी हमारे क्षेत्र में शामिल हो। इससे संबंधित आदेश जब भी आएगा, हम उचित कार्रवाई के लिए तैयार हैं।

**आर्मी चीफ बोले, सेना के पुनर्गठन पर काम चल रहा**

सेना के मूलभूत संरचना में सुधार पर जोर देते हुए आर्मी चीफ ने कहा, हम पुनर्गठन कर रहे हैं। चार स्टडी हुई और सब अभी अलग–अलग स्टेज में हैं। आर्मी हेडक्वार्टर रिस्ट्रक्चरिंग पर एक स्टडी थी। इसे सरकार को दे दिया है अब औपचारिक मंजूरी का इंतजार है।

ये दूसरी स्टडी – इंटिग्रेटेड बैटल ग्रुप की है ताकि ज्यादा बैटल रेडी बने आर्मी। हमने इसे कई वॉर गेम में डिस्कस किया।

### एलओसी पर पाकिस्तान की साजिश हो रही नाकामयाब



एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से मिल रहे खतरे पर आर्मी चीफ ने कहा कि भारतीय सेना इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, श्एलओसी पर हम सक्रिय हैं। प्रतिदिन हमें इंटेलिजेंस इनपुट मिल रहे हैं और हम गंभीरता से उसे लेते हैं। इन सभी इनपुट और सतर्कता के कारण हम पाकिस्तान की ओर से होने वाले बैट ऐक्शन को ध्वस्त करने में कामयाब हुए हैं।

### कश्मीर पर सेना ने अच्छा काम किया है

आर्टिकल 370 खत्म किए जाने के सवाल पर सेना प्रमुख ने कहा कि कश्मीर में हालात अच्छे हैं। आर्मी चीफ ने कहा, कश्मीर के हालात पर बहुत अच्छा काम किया है चाहे एलओसी पर हो या घाटी में। लोगों का भी पूरा समर्थन हमें इस दौरान मिला है। हमें स्थानीय प्रशासन और वहां की पुलिस का समर्थन भी रहा। कई बार ड्यूटी के वक्त तुरंत फैसले लेने होते हैं तब कमांडर को कॉल लेनी होती है, उसका सम्मान होना चाहिए।

# पूरे देश में लागू हुआ नागरिकता संशोधन कानून

## केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून शनिवार से देशभर में लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने देश में सीएए को दस जनवरी, 2020 से प्रभावी करने की घोषणा की है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि इस कानून के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से गैर मुस्लिम शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी। नागरिकता (संशोधन) कानून की धारा एक की उप धारा(2) के तहत केंद्र सरकार ने 10 जनवरी, 2020 से इस कानून को लागू करने का निश्चय किया है।

नए नागरिकता कानून को संसद से 11 दिसंबर को पारित किया गया था। सीएए के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को अवैध शरणार्थी के रूप में नहीं देखा जाएगा।

इन तीन पड़ोसी इस्लामिक देशों में धर्म के आधार पर प्रताडिघ्त किए गए इन अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी।

इस कानून के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं। इस कानून का विरोध करने वालों का कहना है कि पहली बार भारत में नागरिकता का आधार धर्म होगा। इससे देश के संविधान मूलभूत अवधारणा को ठेस पहुंचती है।

### अभी नियम आदि तय करने बाकी



केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ दल भाजपा इस कानून का जमकर बचाव करते रहे हैं। उनका कहना है कि इन तीन पड़ोसी देशों से आए लोगों को धार्मिक आधार पर प्रताड़ित किया जाता रहा है। इन लोगों के पास अपनी जान और सम्मान बचाने के लिए भारत आने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। हालांकि गृह मंत्रालय को इस कानून के संबंध में अभी नियम आदि तय करने बाकी हैं।

# पीएम मोदी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से हुई मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध–प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल पहुंच चुके हैं। कोलकाता में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनसे मुलाकात की। राजभवन में हुई दोनों नेताओं की यह मुलाकात करीब 20 मिनट तक चली। पीएम से मुलाकात के बाद ममता ने कहा कि उन्होंने कुछ वित्तीय मांगों के साथ पीएम से मुलाकात की। उन्होंने राज्य के हिस्से के 28 हजार करोड़ रुपये मांगे। इसके अलावा पीएम के साथ सीएए, एनआरसी और एनपीआर के मुद्दे पर बात हुई और उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया। टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पीएम मोदी के बंगाल दौरे का विरोध कर रहे हैं। विरोधी दलों ने कोलकाता में जगह–जगह श्गो बैक मोदीश के पोस्टर लगाए हैं। ट्विटर पर भी इसे ट्रेंड करा रहे हैं।

खास बात यह है कि पीएम मोदी से मुलाकात के ठीक बाद ममता बनर्जी ने टीएमसी के छात्र संगठन की ओर से सीएए के खिलाफ आयोजित धरने में हिस्सा लिया। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की छात्र इकाई के अलावा लेफ्ट के कार्यकर्ता भी राज्य के अलग–अलग हिस्सों में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) के खिलाफ अलग–अलग विरोध–प्रदर्शन कर रहे हैं।

### मुलाकात

- नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ जताया विरोध

**मोदी वापस जाओशः सीपीएम, टीएमसी का विरोध प्रदर्शनः** प्रधानमंत्री का दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब पश्चिम बंगाल में नए नागरिकता कानून को लेकर व्यापक स्तर पर विरोध–प्रदर्शन जारी हैं। हवाईअड्डे से सिर्फ 1.5 किलोमीटर दूर दमदम क्षेत्र में वाममोर्चा के कार्यकर्ताओं ने श्मोदी वापस जाओश लिखी हुई तख्तियां लेकर रैली निकाली।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# डराते आंकड़े! हर 24 घंटे में 28 छात्र दे रहे जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- साल 2018 में 10,000 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने ली अपनी जिंदगी

बेंगलुरु। स्टूडेंट्स के ऊपर पड़ने वाले दबाव और तनाव के कारण वे क्या कदम उठा लेते हैं, इस बारे में चर्चा नई नहीं है लेकिन नैशनल क्राइम रेकॉर्ड्स ब्यूरो के साल 2018 के आंकड़ों से स्टूडेंट्स की आत्महत्या को लेकर बेहद निराशाजनक तथ्य सामने आए हैं। डेटा के मुताबिक साल 2018 में हर 24 घंटे पर 28 स्टूडेंट्स अपनी जान दे रहे थे। पिछले 10 साल में भारत के करीब 82,000 स्टूडेंट्स ने सूइसाइड कर लिया और सबसे ज्यादा 10,000 के ऊपर मामले 2018 में सामने आए।

1 जनवरी, 2009 से लेकर 31 दिसंबर, 2018 तक 81,758 स्टूडेंट्स ने आत्महत्या की है। इसमें से 57 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने पिछले 5 साल में अपनी जान दी और 10,159 स्टूडेंट्स ने 2018 में यह कदम उठाया। साल 2018 में भारत में कुल 1.3 लाख आत्महत्या के मामले सामने आए जिनमें से 8 प्रतिशत स्टूडेंट्स थे। करीब इतने ही बेरोजगार लोग जबकि 10 प्रतिशत बेरोजगार लोगों ने अपनी जान दे दी।